वाराणसी, सोमवार
22 अप्रैल 2019
नगर संस्करण******
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

जागरण संवाददाता, मऊ : शहर के बलिया मोड़ स्थित एक निजी सभागार में रविवार को डिस्कवरी आफ कालेज की ओर से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के टापर्स को सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड से सम्मानित डा.बीआर सिंह ने कहा कि सम्मानित व्यक्ति हमेशा खुद को जिम्मेदार और गौरवान्वित महसूस करता हुआ जीवन में सकारात्मकता का संचार करता हुआ आगे बढ़ता है।

डिस्कवरी आफ कालेज के जिला समन्वयक अविनाश श्रीवास्तव ने बताया कि बीते वर्ष नवंबर माह में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों व कालेजों के छात्रों ने भाग लिया था। जिलास्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टाप 100 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। अमर शहीद इंटर कालेज के अभिजीत पाल को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15000 रुपये नकद, मां शारदा बालिका इंटर कालेज की पूजा मौर्य को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार तथा दुर्गाजी इंटर कालेज की पूजा मौर्य को तृतीय पुरस्कार के रूप में 5000 रुपये का ईनाम दिया गया। इस अवसर पर भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.अभय प्रताप सिंह, एसएमएस कालेज के डीजीएम प्रवीण सिंह, कुलदीप सिंह, शिवेंद्र विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बच्चों से सवाल पूछते प्रवीण सिंह